सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 121 | इंदौर, शनिवार 16 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

हाइवे पर लूट

## युवक को पत्थर मारे

### मोबाइल और नकदी लूट कर ले गए बाइक सवार बदमाश; तलाश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

राजगढ़, (एजेंसी)। राजगढ़ के खिलचीपुर में गुरुवार रात को हाईवे पर एक युवक पर चार बदमाशों ने पत्थरों से हमला कर मोबाइल फोन और चार हजार रुपए लूट लिए। वह भोपाल से शिक्षक भर्ती परीक्षा देकर घर लौट रहा था। सोमवारिया हाईवे पर बस से उतरकर घर की ओर जाने वाली दूसरी बस का इंतजार कर रहा था, तभी बदमाशों ने हमला कर दिया।

वारदात के बाद वह घायल अवस्था में रातभर सड़क पर पड़ा रहा। इसके बाद सुबह होश आने पर एक राहगीर की मदद से परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवार बदमाशों ने किया हमला

युवक के जीजा मोहनलाल वर्मा ने बताया कि राजस्थान के रतनपुरा गांव निवासी उनका साला कमलेश अहिरवार (27) शिक्षक भर्ती परीक्षा देने भोपाल आया था। परीक्षा देने के बाद गुरुवार शाम को बस से अपने घर के लिए निकला। इसके बाद रात करीब 11:30 बजे सोमवारिया हाईवे क्रमांक 52 पर बस से उतरकर घर की ओर जाने वाली दूसरी बस का इंतजार करने लगा।इस दौरान एक बाइक पर चार बदमाश आए और कमलेश को अकेला पाकर उस पर पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद कमलेश वहीं सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद बदमाश उसका 19 हजार रुपए का मोबाइल और चार हजार रुपए नगदी लेकर फरार हो गए।

### आरोपियों की तलाश जारी

वहीं जीजा मोहनलाल वर्मा ने घटना की जानकारी खिलचीपुर पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताया है। उन्होंने पुलिस से मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में खिलचीपुर टीआई विवेक शर्मा ने बताया-घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे है। मामले की जांच के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

## हरदा में जमीन विवाद से परेशान किसान ने खाया जहर

हरदा, (निप्र)। जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के डगावानीमा गांव में रास्ते के विवाद के बाद बुजुर्ग किसान ने आत्महत्या कर ली। गुस्साए परिजन ने शुक्रवार को कलेक्टर बंगले के सामने बुजुर्ग का शव रखकर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया। डगावानीमा निवासी 74 वर्षीय बाबूलाल जाट ने एक दिन पहले गुरुवार को विवाद के बाद जहर खा लिया। परिजन शाम को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। सुबह करीब 11 बजे परिजन बुजुर्ग का शव लेकर हरदा पहुंचे। उसके बाद विरोध प्रदर्शन कर शव को कलेक्टर आदित्य सिंह के बंगले के सामने रखकर इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे प्रदर्शन करने लगे। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह मर्सकोले सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने परिजन को समझाइश देने पहुंचे, लेकिन वह नहीं माने। मौके पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एएसपी आरडी प्रजापति ने परिजन को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। शव को कलेक्टर निवास के सामने से हटाने के लिए कहा, जिस पर परिजन और अधिकारियों के बीच बहस भी हो गई।

### IP एड्रेस से ठगों तक पहुंची पुलिस

# इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट करने वाले 2 पकड़ाए

## अब भी कानपुर के गांव में टीम का डेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । भोपाल के गायत्री नगर में रहने वाले फील्ड इंजीनियर प्रमोद कुमार को उनके ही घर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 6 घंटे तक बंधक बनाने के मामले में पुलिस कानपुर देहात स्थित उनके गांव पहुंच गई। वहां 2 दिनों से डेरा डाले हुए है। पुलिस ने संदेह के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि एक की तलाश में जुटी है।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गांव के अन्य लोग बड़ी संख्या में ऑनलाइन ठगी करने वाले नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच ने डिजिटल अरेस्ट के इस मामले में अलग-अलग नंबरों के आधार पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने बताया

आरोपियों के गांव में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपियों ने इंजीनियर को धमकाने के लिए जिन तीन नंबरों का इस्तेमाल किया, वे सभी नंबर बंद हैं।

### ऐसे आरोपियों तक पहुंची पुलिस

बुधवार दोपहर तक आरोपियों ने इंजीनियर प्रमोद कुमार को डिजिटल अरेस्ट कर 3.50 लाख रुपए की मांग की। इसी दौरान पुलिस ने आईपी एड्रेस के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस कर ली थी। कानपुर पुलिस को भी तुरंत इस मामले का इनपुट दिया गया। हालांकि, पुलिस की दबिश से पहले ही आरोपी फरार हो चुके थे, और उनका नंबर तब से बंद है। हालांकि दो संदेहियों से पूछताछ की जा रही है, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने कानपुर देहात स्थित आरोपियों के गांव में रहने वाले एक दर्जन से अधिक लोगों से भी दो दिनों में पूछताछ की हैं।



### मोबाइल में किसका कॉल आ रहा, यह तक उन्हें पता था

इंजीनियर प्रमोद कुमार ने बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। कॉलर ने कहा कि उनके नंबर से अलग-अलग लोगों को कॉल कर फिरौती मांगी जा रही है और उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। उसने उनका पता कन्फर्म कराया और मोबाइल पर आ रही वेटिंग कॉल के बारे में भी पूछा। कॉलर ने वेटिंग कॉल करने वाले का नाम भी बताया।

इंजीनियर ने कहा, 'मैं घबरा चुका था कि मेरे मोबाइल पर आ रही कॉल्स को भी पुलिस देख रही है। इतना ही नहीं, उन्होंने मेरे फोन में मौजूद दूसरी चीजों के बारे में भी बताया।'

### आरोपी बोले- गिरफ्तारी से बचना है, तो निगरानी में रहो

प्रमोद कुमार ने बताया कि इस दौरान उन्होंने अपने यूपीआई ऐप्स डिलीट कर दिए। घबराहट में उनके हाथ-पैर कांपने लगे और दिल की धड़कन तेज हो गई। तभी एक आरोपी ने कहा कि अगर गिरफ्तारी से बचना है, तो डिजिटल निगरानी में रहना होगा। उसने कहा, 'भले आदमी लगते हो, इसलिए हम आपके केस की जांच करेंगे। इसके बाद ही तय होगा कि आगे आपका क्या करना है।'

एक अन्य आरोपी, जिसने वर्दी पहनी हुई थी, उसने कहा कि केस से बचने के लिए खर्च करना होगा। यह सुनकर इंजीनियर ने रात 11:30 बजे कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया और फिर आरोपियों के कॉल पिक नहीं किए। उन्होंने बाद में वॉट्सऐप पर भी दो कॉल किए।

धीरेन्द्र शास्त्री बोले-

## हिंदू तुम्हारी मस्जिदों में घुसे तो जूते मारो



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' और प्रधानमंत्री मोदी के 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय आपस में बंटेंगे तो चीन वाले हमको काटेंगे, पाकिस्तान वाले हम लोगों को काटेंगे। वहीं कुंभ में गैर हिंदुओं को एंट्री नहीं देने के अपने बयान पर भी धीरेन्द्र शास्त्री कायम है। उन्होंने कहा- हमने बिल्कुल कहा है कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। तुम हमारे यहां जाकर क्या करोगे? धंधा करके मूत्र कांड करोगे? थूक कांड करोगे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा- हम तुम्हारी मस्जिदों में नहीं घुसते, तुम हमारे यहां क्यों आओगे? हमारे हिंदू तुम्हारी मस्जिदों में घुसे तो जूते मारो। धीरेन्द्र शास्त्री शुक्रवार को भोपाल में भाजपा विधायक संजय पाठक के निवास पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के बीसीसीआई के फैसले पर कहा कि यह सही फैसला है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कंगाल देश है वहां जाकर क्या करेंगे? वह भिखमंगा देश है।

# हवाओं के रुख से बढ़ी सर्दी

## इंदौर-भोपाल, जबलपुर में पारा लुढ़का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । हवाओं के रुख ने मप्र में सर्दी बढ़ा दी है। पचमढ़ी में रात का टेम्प्रेचर 8.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है जबकि भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन समेत प्रदेश के कई शहरों में पारा लुढक गया है। अमरकंटक, मंडला और शहडोल में भी तापमान 11 डिग्री के आसपास आ गया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, त्तर-पूर्वी हवाओं का असर कम हो रहा है। इस वजह से ठंड बढ़ी है। 20 नवंबर तक ऐसा ही मौसम रहेगा। डॉ. सिंह ने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी।**

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से ग्वालियर-चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठंडा रहेगा। 16 नवंबर से सुबह-शाम धुंध भी बढ़ेगी। हवाओं का असर इन्हीं संभागों में सबसे पहले होता है। पचमढ़ी पहाड़ और हरियाली से घिरा है। इस वजह से यहां दिन-रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं। बुधवार-गुरुवार की रात में भी पचमढ़ी में टेम्प्रेचर 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। एक रात पहले यह 9.6 डिग्री था। दो दिन में ही पारे में 2 डिग्री तक की गिरावट हुई है। आने वाले दिनों में भी पचमढ़ी ही सबसे अधिक ठंडा रहेगा। हालांकि, नवंबर में पारा सामान्य से ज्यादा नीचे नहीं जाएगा। दिसंबर से कड़ाके की ठंड पड? लगेगी। आखिरी सप्ताह में कोल्ड वेव भी चलेगी।

### जेटस्ट्रीम का असर नहीं रहेगा

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेटस्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। वहीं, दक्षिणी हिस्से में दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम एक्टिव हैं। जेटस्ट्रीम का असर मध्यप्रदेश में देखने को नहीं मिलेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जब जेटस्ट्रीम हवाओं की रफ्तार तेज रहती है तो वह प्रदेश के मौसम को प्रभावित करती हैं लेकिन अभी जेटस्ट्रीम हवा की रफ्तार अधिक नहीं है।

# भारतीय बुनकरों की महीनों की मेहनत औरकलाकारी बनाती है साड़ियों को अनमोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सर्दियों के आगमन के साथ एक बार फिर विंटर वैडिंग सीजन की शुरूआत हो गयी है। वैवाहिक मुहूर्तों के अवसर पर वैवाहिक सिल्क साड़ियों की विशाल श्रृंखला लेकर एक बार फिर सिल्क इंडिया एग्जीबिशन शहर में है। बास्केटबाल काम्पलेक्स, रेसकोर्स रोड, इंदौर में यह एग्जीबिशन बुधवार 13 नवंबर से शुरू हो गई है। 12 दिन के लिए आयोजित यह साड़ी सेल रविवार 24 नवंबर तक जारी रहेगी। देश के प्रसिद्ध बुनकर अपनी सदियों से सहेजी गई हेण्डलूम की विरासत को नये डिजाईनों केसाथ यहाँ प्रदर्शित कर रहे हैं। सिल्क की यही खुबसूरत साड़ियाँ विवाह समारोहों, पारिवारिक आयोजनों की शोभा बढ़ाती हैं।भारतीय बुनकरों की महीनों की मेहनत और बेजोड़ कलाकारी साड़ियों को अनमोल बनाती है। साड़ियों की लगभग 50 हजार वैरायटी यहां प्रदर्शित की जा रहीं हैं। शहर के साड़ी लवर्स के लिए सिल्क इंडिया प्रदर्शनी खरीददारी का एक शानदार अवसर हैं, जंहाआप विभिन्न राज्यों के बुनकरों से सीधे हेण्डलूम सिल्क साड़ियों खरीद सकते हैं।

# लम्बे अरसे के बाद इंदौर में त्रिवेणी संगीत समारोह की सजेगी संगीत की महफिल

### अगले माह एक ही मंच पर दिखेंगे भारतीय संगीत के तीन दिग्गज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में लम्बे अरसे के बाद संगीत की एक बड़ी महफिल सजने वाली है। इस संगीत कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय, भक्ति और समकालीन संगीत की त्रिवेणी देखने को मिलेगी। 31 दिसंबर की पूर्व संध्या यानी 30 दिसंबर को इंदौर में एमएच फिल्म्स के बैनर पर त्रिवेणी 3 मास्टर परफॉर्मर्स (3 एमपी) कॉन्सर्ट आयोजित हो रहा है। इस कॉन्सर्ट में भारतीय संगीत के तीन दिग्गज - अनूप जलोटा, हरिहरन और शंकर महादेवन इस संगीत भरी शाम को यादगार बनाएंगे। हालांकि आयोजकों ने इंदौर में संगीत की महफिल कहां सजेगी इसका खुलासा नहीं किया है। त्रिवेणी 3 एमपी कॉन्सर्ट भारत और दुबई के 12 शहरों में होगा। आयोजकों ने 12 में से इंदौर समेत तीन शहरों के नाम और तिथियां घोषित कर दी है जबकि अगले 9 शहरों के नामों का ऐलान बाद में किया जाएंगा।

**इंदौर की तिथि तय-** वैसे इंदौर उत्सव - आयोजनों का शहर माना जाता है। यहां पर गीत - संगीत समेत अलग अलग विधाओं के आयोजन होते ही रहते है। पिछले कुछ सालों से शहर में संगीत का एक भी बड़ा आयोजन नहीं हुआ है। अब वह इंतजार खत्म हो रहा है, क्योंकि अगले माह शहर में संगीत की एक बड़ी महफिल सजने वाली है। इसमें बॉलीवुड के जाने माने तीन दिग्गज सितारें अपनी प्रस्तुतियों से शहरवासियों को आनंदित करेंगे। बताया गया है की इंदौर में कार्यक्रम स्थल का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन कार्यक्रम की तिथि 30 दिसम्बर तय की गई है।

**अपनी अपनी शैली में प्रस्तुतियां देंगे तीनों दिग्गज-** भारतीय संगीत के तीनों दिग्गज अनूप जलोटा की भावपूर्ण भजन , हरिहरन की सुखदायक गजलें और शंकर महादेवन की बॉलीवुड शैली के गीत एक साथ प्रस्तुत करने के लिए एक ही मंच पर दिखेंगे। इस कॉन्सर्ट में गतिशील मंचन, उच्च तकनीक वाले विजुअल प्रभाव, इमर्सिव लाइटिंग और सिंक्रोनाइज्ड स्क्रीन प्रोजेक्शन होंगे, जो उनकी शैली के अनूठे सार को उजागर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

# जल्दी ही हटेंगे शहर की खूबसूरती पर दाग लगाते तारों के मकडजाल

## निगम ने बिजली के खंभों की सूची बिजली कम्पनी को सौंपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **स्वच्छता में नम्बर वन , स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में नम्बर वन, लम्बी चौड़ी सडकें, बड़ी बड़ी बिल्डिंग्स, सुंदर चौराहे, ये सब इंदौर शहर की पहचान है, लेकिन एक मामले में शहर मात खा रहा है और वह शहर के विभिन्न चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर बिजली के तारों का मकड़ जाल बना हुआ है, जो इंदौर शहर की खूबसूरती पर काला दाग लगा रहा है।**

शहर में तारों का मकडजाल इस कदर उलझा है कि इससे पार पाने में बिजली निगम के कर्मी उलझे रहते हैं। जर्जर विद्युत तारों के मकडजाल के चलते आए दिन लोकल फाल्ट की समस्या से जहां कर्मचारियों को परेशानी होती है, वहीं शहरवासियों को समय से बिजली नहीं मिलती है। जगह-जगह तारों के जाल से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मामले में इंदौर नगर निगम और पश्चिम क्षेत्र विधुत वितरण कम्पनी मिलकर शहर के बिजली के खंभों से मकड़ हटाने की तैयारी कर रहा है। निगम ने शहर में ऐसे मकड़ जाल वाले बिजली के खंभों की सूची बिजली कम्पनी को सौंप दी है।

शहर में जगह जगह बिजली के तारों के मकडजाल बिछा है। ये जर्जर तार लोगों के लिए मुसीबत बने हुए है। आए दिन इन लटके तारों में फाल्ट होते रहते है जो हादसों को न्यौता दे रहे है। कई बार ये लटकते तार हादसों को अंजाम दे चुके है। तारों के मकड़ जाल के चलते शहर के प्रमुख बाजारों में करंट और फाल्ट होने का भय बना रहता है। ऐसे व्यवसायी छोटे वाहन से ही माल अपनी दुकानों को मंगाते हैं। ऐसे में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते दुकानदारों की लागत बढ़ जा रही है। सडक खाली रहने के बावजूद भी हम अपना माल शो रूम तक नहीं पहुंचा पाते इससे छोटे वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। शहर के बीच स्थित छोटा सराफा के पीछे बर्तन बाजार से लगे धान गली में बिजली के खंभे पर बिजली के तार इस तरह से उलझे हुए है की किसी भी दिन बड़ी घटना हो सकती है।

### ऐसे बनता है बिजली के खंभों पर मकडजाल

बिजली के खंभों पर सिर्फ बिजली के ही तार नहीं बल्कि वाईफाई केबल, डीटीएच केबल, और सीसीटीवी कैमरे के भी केबल लगे हुए है। तारों के मकडजाल के बीच अक्सर फाल्ट की समस्या होती रहती है। विभाग के कर्मी फाल्ट ठीक करने आते तो जरूर है, लेकिन उसे ठीक करने में काफी परेशानी होती है।

### केबल हटाने के लिए निगम की चेतावनी

इस संबंध में नगर निगम के बिजली विभाग से जानकारी मिंली है की नगर निगम जल्द ही बिजली विभाग के सहयोग से शहर में जहां जहां बिजली के खंभों पर तारों का मकडजाल बना हुआ है वहां से मकडजाल हटाने की कार्यवाही की जाएंगी। सबसे पहले तारों से वाई फाई और सीसीटीवी की केबलों को हटाया जाएंगा। इस मामले में नगर निगम ने इंटरनेट और टीवी कैबल ऑपरेटरों को चेतावनी दी है की अगले 7 दिन में अपनी कैबलों के मकड़ जाल को हटा लें वरना सख्त कार्रवाई होगी। बताया गया है की नगर निगम ने जिन जिन क्षेत्रों में बिजली के खंभों पर मकडजाल बना हुआ है उसकी सूची बनाकर बिजली कम्पनी को भी सौंपी गई है। बताया गया है की नगर निगम की सूची में शहर के 45 क्षेत्र ऐसे है जहां पर बिजली के तारों का मकडजाल फैला हुआ।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विश्व मधुमेह दिवस 2024 के अवसर पर, 17 नवंबर को मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप जुल्का द्वारा केयर सीएचएल अस्पताल, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और लायंस क्लब के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा। कार्यक्रम के तहत ह्लचीनी कम मिठास भरपूर रन - वॉकह्व का आयोजन किया जाएगा, जो मंगल सिटी मॉल से सुबह 6:45 बजे शुरू होगी। इस दौड़ का फ्लैग आफ भारतीय हाकी टीम के कोच मीर रंजन नेगी और मेजर जनरल श्रीकांत नीमा करेंगे। डॉ. संदीप जुल्का ने बताया कि जागरूकता रैली में बीएसएफ के जवान, एनसीसी कैडेट्स, डॉक्टर और मधुमेह साथी शामिल होंगे। रैली मंगल सिटी मॉल से शुरू होकर रेडिसन होटल, बॉम्बे अस्पताल, और सत्य साईं चौराहा होते हुए वापस वहीं समाप्त होगी। इसके अलावा, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जाएगा।डॉ. जुल्का ने बताया कि जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इससे पहले गुरुवार को लायंस क्लब के सहयोग से 15 स्थानों पर शिविर लगाए गए, जिनमें 1100 लोगों की जांच की गई। इनमें से 12 प्रतिशत लोगों में शुगर का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया। मधुमेह एक गंभीर समस्या है, लेकिन जागरूकता और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# बस्ती के बच्चों ने मनाया बाल दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बाल दिवस के अवसर पर जनविकास सोसाइटी द्वारा बीस तंग बस्तयों में निवास करने वाले घरेलु कामकाजी एवं असंगठित मजूदूर वर्ग के परिवारों के बच्चो के साथ मिलकर जनविकास सोसाइटी परिसर पालदा में बड़ी धूमधाम के साथ बाल दिवस मनाया गया कार्यक्रम का उदेश्य वर्ष 2024 की थीम लिसन टू द फ्युचर जो की बच्चों की बात सुनने और उनकी आत्म अभिव्यक्ति और सम्मान के अधिकारों को पूरा करने व हमारे कार्यों में उनकी प्राथमिकता को सामिल करके एक बेहतर दुनिया के निर्माण का संदेश देती है। इसी के साथ उनकी प्रितिभा और साहस को बढ़ाना है ताकी वह एक अच्छा इंसान बन सके।

# दुकान में चोरी करने पहुंचे थे, रहवासियों ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एरोड्रम इलाके में ऑटो रिक्शा में वारदात करने पहुंचे दो चोरों को रहवासियों ने पकड़ लिया। उनकी जमकर पिटाई की गई। इसके बाद उन्हें पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस अन्य मामलों में आरोपियों से पूछताछ करती रही। लेकिन चोरी को लेकर जानकारी नहीं मिली।**

एरोड्रम पुलिस ने मृत्युंजय दिखित, निवासी पंचवटी नगर की शिकायत पर समीर उर्फ लाला और सुनील कुशवाह पर चोरी करने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मृत्युंजय की 60 फीट रोड पर गुरू कृपा नाम से सैनिटरी की शॉप है। 14 नवंबर की रात करीब 1 बजकर 35 मिनट पर उसे कॉल आया। बात करने वाले ने खुद का नाम अरविंद बताया। उसने कहा कि दो लड़के आपकी दुकान पर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। ताले तोड़कर दुकान के अंदर घुसे। उन्हें लोगो की मदद से पकड़ा है। इसके बाद मालिक रात में पुलिस को सूचित करते हुए मौके पर पहुंचा। दोनों आरोपियों से टामी, रस्सी, कंबल, सब्बल और अन्य सामान मिला है। आरोपियों ने बताया कि वह यहां पर ऑटो रिक्शा से आए थे। पुलिस ने ऑटो भी जब्त की है। आरोपियों से चोरी के अन्य मामलों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

### मोबाइल शॉप से लाखों के मोबाइल चोरी

एरोड्रम इलाके की पंचवटी कॉलोनी में श्रीकृष्ण एंटरप्राइस नाम से राहुल विश्वकर्मा की शॉप है। यहां पर 11 नवंबर की रात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। यहां पीछे का शेड उचका कर आरोपी दुकान से दो एप्पल मोबाइल और दो अन्य कंपनी के महंगे मोबाइल सहित कुछ नकदी रुपए लेकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। गुरुवार को उक्त मामले में चोरी की एफआईआर दर्ज की गई।

# लाखों की एमडी, स्मैक और गांजा पकड़ाया

## क्राइम ब्रांच, खजराना, जूनी इंदौर, लसूड़िया और राजेंद्र नगर पुलिस ने की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच, खजराना,जूनी इंदौर,लसूडिया और राजेंद्र नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाखों रूपए की एमडी,स्मैक और गांजा पकडा है। तस्करों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है ताकि आखिरी चेन तक पहुंचा जा सके।**

नवागत कमिश्नर संतोष सिंह ने सभी अधिनस्थ अफसरों की बैठक लेकर पहले ही दिन स्पष्ट किया कि कोई कितना भी रसुखवाला क्यों ना हो यदि नशे के कारोबार में लिप्त है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही बेचने वालों के साथ ही इसका सेवन करने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाकर उनकी धरपकड़ की जाए। इसके साथ सभी जोनों के डीसीपी के साथ क्राइम ब्रांच के अफसर भी मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की धरपकड़ के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कई बड़ी कार्रवाईयां भी देखने को मिली हैं लेकिन पिछले दो दिनों में तो इंदौर पुलिस के खाते में बड़ी सफलता आई है। इंदौर पुलिस ने दो दिन के भीतर ही 50 लाख की एमडी सहित, स्मैक और गांजा बड़ी मात्रा में तस्करों से बरामद किया है।

**50 लाख रूपए की एमडी की बरामद-** क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल बदमशों की धरपकड़ के लिए मुखबिरों को काम पर लगाया गया है। इसी कड़ी में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध बड़ी मात्रा में एमडी ड्रग्स लेकर उसकी डिलेवरी देने जा रहे हैं और संभवतः वह लोग एमआर 4 होकर जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर दंडोतिया ने अपनी टीम को मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर भेजकर निगराने करने को कहा। इस दौरान दो संदिग्ध उन्हें जाते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर ये भागने लगे ऐसे में क्राइम ब्रांच की टीम को स्पष्ट हो गया कि ये ही तस्कर हो सकते हैं। इसके बाद उनका पीछा कर उन्हें पकड़ा। उनकी तलाशी ली तो उनके पास से करीब 105 ग्राम एमडी मिली जिसकी कीमत करीब 50 लाख रूपए बताई जा रही है। पूछताछ करने पर तस्करों ने अपना नाम रोशन कुमावत निवासी रेजिडेंसी लैट और राजू जाट निवासी नावदापंथ धार रोड बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है और उनसे अब जब्त लाखों की एमडी के संबंध में पूछताछ की जा रही है ताकि इनके अन्य साथियों की धरपकड़ की जा सके।

**तस्कर पकड़ाया-** खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि स्टार चौराहे के पास चेकिंग हो रही थी इस दौरान एक संदिग्ध को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास करीब 12.&5 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली जिसकी कीमत करीब डेढ लाख रूपए बताई जा रही है। पूछताछ में उसने अपना नाम शानवाज उर्फ सब्बू पिता शहजाद शेख 20 निवासी तंजीम नगर बताया। वह खजराना सहित अन्य क्षेत्रों में एमडी ड्रग्स की डिलेवरी देना स्वीकार किया है। पुलिस उससे अब इस धंधे में उसके साथ जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

**पॉश इलाके में बेचता था गांजा-** लसूडिया पुलिस ने थाना क्षेत्र की पौश कालोनी में गांजा सप्लाई करने वाले तस्कर को गिर तार कर उसके पास से दो लाख रूपए का गांजा बरामद किया है। एसीपी विजयनगर(आईपीएस) आदित्य पटले ने बताया कि देवास नाका चौराहे पर थाना प्रभारी तारेश सोनी ने चेकिंग पाइंट लगा रखा था। इस दौरान उन्हें एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आता हुआ नजर आया। इस पर चेकिंग पाइंट में खड़े टीआई सोनी वाहन(एमपी 09डब्ल्यूएल 6&08) को रूकवा लिया। उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम निशांत पिता अमरलाल टवाड़े निवासी निरंजनपुर बताया। इस पर पुलिस ने उसके वाहन की तलाशी ली तो उसकी गाड़ी की डिक्की में प्लास्टिक की बोरी रखी मिली उसकी तलाशी ली तो उसमें करीब दस किलो 919 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब दो लाख रूपए बताई जा रही है। तस्कर से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह खंडवा जिले के बड़वाह की तरफ से गांजा लाकर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 78, निरंजनपुर तथा महालक्ष्मी नगर में लोगों को बचेता है। उस पर भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**जेल से छूटते ही फिर करने लगा सप्लाय-** राजेंद्र नगर पुलिस ने आटो रिक्शा से गांजा की डिलेवरी देने आए दो बदमाशों को गिर तार कर उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि इसमें से एक तस्कर ऐसा है जिसे पुलिस ने जून माह में मादक पदार्थ के साथ पकड़ा था और उस मामले में वह जेल भी गया था जेल से छूटते ही पुनः वह मादक पदार्थ की डिलेवरी देने लगा। राजेंद्र नगर थाना प्रभारी नीरथ बिरथरे ने बताया कि थाने की खुफिया टीम ने वीर सावरकर नगर के पीछे क ी रास्ते पर एक आटो(एमपी 09आरए 8727)को रोका और उसमें मौजूद दो लोगों की तलाशी ली तो एक के बैग में बड़ी मात्रा में गांजा मिला। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने नाम अरविंद सोलंकी निवासी भीम नगर और लवीन उर्फ भूपेंद्र सावलकर निवासी साईछत्र अपार्टमेंट बताया। उनसे दो किलो गांजा बरामद किया गया।

**स्मैक के साथ पकड़ाया बुजुर्ग-** जूनी इंदौर पुलिस ने स्मैक के साथ एक बुजुर्ग को पकड़ा। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि गश्ती दल ने कवरराम गार्डन सिंधी कालोनी के पास एक संदिग्ध को घूमते हुए देखा। शंका होने पर उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम हरीश पिता शीतलदास(58) निवासी सिंधी कालोनी बताया। उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। वह घूमते घमाते नशेडियों को स्मैक बेचता था। टीआई गुप्ता का कहना है कि आरोपी हरीश ज्ञानी पूर्व से ही नशे की तस्करी के कारोबार में लिप्त रहा है।

**भंवरकुआं मे भी धराया-** भंवरकुआं पुलिस ने साढे पांच किलो गांजे के साथ बदमाश को गिर तार किया है। एसीपी जूनी इंदौर देवेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक तस्कर संजय गांधी नगर पालदा और उसकी आसपास की कालोनियों में युवाओं को गांजा विक्रय कर रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी राजकुमार यादव अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और घेराबंदी कर राहुल पिता गोविंद सांवरिया निवासी देवास हाल मुकाम संजय गांधी नगर को गिर तार कर उसके कब्जे से पचास हजार रूपए कीमत का करीब साढे पांच किलो गांजा बरामद किया है। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

ब्राउन शुगर की बरामद- द्वारकापुरी पुलिस ने बदमाश से 515 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है जिसकी कीमत करीब पचास हजार रूपए बताई जा रही है। एसीपी नंदनी शर्मा ने बताया कि अहीरखेड़ी कांक डोर के पास विदुर नगर से आरोपी सचिन उर्फ बापू पिता बद्रीलाल बकावले निवासी दिग्विजय मल्टी को पकडक़र उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से ब्राउन शुगर मिली। उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## घर में लगी आग, बुजुर्ग झुलसा

इंदौर। सेंट्रल कोतवाली क्षेत्र में आतिशाबाजी के दौरान अचानक पड़ोसी के घर में आग लग गई। इस दौरान घर में बिस्तर पर लेटा बुजुर्ग झुलस गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक घटना नार्थ तोड़ा क्षेत्र की है। घायल बुजुर्ग का नाम तुलसीराम है। उनकी पत्नी कलावीत बाई निवासी नार्थ तोड़ा की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोसी रोहित के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी छोटी दीवाली पर उनके घर के बाहर आतिशबाजी कर रहा था। इसी दौरान आरोपी ने पटाखा जलाया और घर में फेंक दिया। इसके कारण घर में आग लगी और बिस्तर जल गया। बिस्तर पर उनके पति तुलसीराम सो रहे थे वे आग की चपेट में आ गए और पीठ भी बुरी तरह से झुलस गए। उन्हें अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है। घायल की हालत नाजुक बताई गई है।

## स्पा सेंटर संचालिका के साथ मारपीट

इंदौर। विजयनगर इलाके में एक स्पा सेंटर के ग्राहक को अपने स्पा सेंटर में ले जाने को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने सेंटर संचालिका के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना फरियादी प्रिया यादव के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी वेदप्रताप सिंह उर्फ विक्की के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने स्पा सेंटर पर थी। उसी दौरान मेरे स्पा सेंटर पर आ रहे एक ग्राहक को आरोपी ने बीच रास्ते मे रोक लिया और उस ग्राहक को अपने स्पा सेंटर में ले जाने लगा। मैंने कहा विरोध किया तो आरोपी ने गालियां दी और लात घूसों से पीटा। इससे हाथ और सिर में चोट आई।

## घर से निकाला


इंदौर। मल्हारगंज पुलिस ने अरशी खोकर निवासी रामगंज जिंसी की रिपोर्ट पर पति अमीर खोकर गीता नगर के खिलाफ दहेज और मारपीट का केस दर्ज किया गया है। चार साल पहले शाद हुई थी और तब से ही पति मारपीट करता है और जान से मारने की धमकी देता है। दूसरी महिलाओं से बातचीत करता रहता है। जब पत्नी ने इस बात पर एतराज जताया तो उसने मारपीट की और घर से निकाल दिया। इसके अलावा भंवरकुआं पुलिस ने रूपाली गौड़ निवासी राजगढ की रिपोर्ट पर पुरूषोत्तम राजपूत के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया है। कम दहेज मिलने की बात को लेकर जान से मारने की धमकी दी गई।

विवादित पत्र वायरल

# नगर निगम के आयुक्त से पूछा- मुस्लिम इलाकों से कितना टैक्स जमा हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के वार्ड 64 के भाजपा पार्षद मनीष मामा का एक विवादित पत्र वायरल हो रहा है। यह पत्र उन्होंने निगमायुक्त को लिखा है। इस पत्र के माध्यम से उन्होंने पूछा है कि, इंदौर के आजाद नगर, चंदन नगर, खजराना और बंबई बाजार के रहवासियों ने संपत्ति कर, जल कर, कचरा कर कितना जमा किया।**



इन इलाकों में कितने अवैध मकान हैं और कितनी मीट की अस्थायी दुकानें हैं। जो लोग कई सालों से टैक्स जमा नहीं कर रहे उन पर निगम ने क्या कार्रवाई की। पार्षद शर्मा ने इन इलाकों में अवैध नल कनेक्शन की भी जानकारी मांगी है। शर्मा ने निगमायुक्त को पत्र लिखकर सभी मामलों में सात दिन में जानकारी मांगी है। दरअसल शर्मा ने जिन इलाकों की जानकारी मांगी वे मुस्लिम बहुल्य इलाके हैं। इसके चलते राजनीति भी शुरू हो गई है। पार्षद और एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा के पत्र के बाद कांग्रेस ने मैदान संभाल लिया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव शेख शाकिर मसूदी ने ने शर्मा के पत्र को लेकर ट्वीट कर आपत्ति जताई है। उन्होंने लिखा है शहर के अंदर मंत्री, महापौर और विधायक पुत्र के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा में एमआईसी सदस्य की भी एंट्री हो गई है।

# केबल हटाए नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में ब्रॉडबैंड कंपनियों की केबल से परेशान होकर पार्षद ने चेतावनी दे डाली है। वार्ड 49 के पार्षद और एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने कंपनियों को पहले पत्र लिखा फिर सोशल मीडिया पर चेतावनी दी। उदावत ने कहा कि पूरे इलाके में केबल के कारण हादसे हो रहे हैं।**

एक सप्ताह में दो महिलाओं के गले में केबल फंस गई थी, समय रहते वे संभल गई। इस वजह से बड़ी दुर्घटना टल गई। इसके चलते सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ सोशल मीडिया पर भी लिखा है।



बता दें उदावत के पास नगर निगम के आईटी विभाग का प्रभार है। उदावत ने कहा कि मैंने पिछली एमआईसी की बैठक में भी यह मुद्दा उठाया था। इनके कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। इसके बाद सभी कंपनियों को अल्टीमेटम देकर आरएनटी मार्ग पर कार्रवाई की गई। अब वार्ड 49 में केबल का जाल हटाया जाएगा। इसके लिए सभी कंपनियों को पत्र लिखा गया है। यदि कंपनियां सात दिन में अपनी केबल को दुरुस्त नहीं करती हैं तो नगर निगम के रिमूवल विभाग की मदद से इन्हें हटाया जाएगा। इससे पहले अफसरों ने भी कंपनियों के प्रतिनिधियों को चेतावनी दी है।



# आस्था के दीपों से रोशन हुई मां शिप्रा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया दीपदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार शाम को शिप्रा नदी का किनारा दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में शिप्रा नदी में दीपदान किया, आटे के दीपक जलाकर प्रवाहित करने की परंपरा निभाई। नदी का किनारा भक्तों की भीड़ से भरा रहा।**

इस बार विशेष योग में कार्तिक पूर्णिमा होने के कारण शुक्रवार सुबह से ही मोक्षदायिनी शिप्रा में स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद देव दर्शन किए। हजारों दीपक नदी में जगमगाते नजर आए, जिससे मां शिप्रा का आंचल रोशनी से आलोकित हो गया। शिप्रा नदी में दीपदान की परंपरा को लेकर दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। पुराणों के अनुसार, जो व्यक्ति मंदिरों और घर में दीपदान करता है, वह सभी सुखों को प्राप्त करता है। पद्मपुराण के अनुसार, मंदिरों और नदियों के किनारे दीपदान करने से माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पंडित राकेश जोशी ने बताया कि मान्यता है कि छह कृतिकाएं—शिवा, संभूति, संतति, प्रीति, अनुसुइया और क्षमा—के पूजन और श्रद्धा अनुसार दान से सुख, संपन्नता और सुयोग्य संतान का आशीर्वाद मिलता है। त्रिपुरासुर नामक राक्षस के वध के उपलक्ष्य में इस पूर्णिमा को त्रिपुरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। भगवान शिव की पूजा-अर्चना से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

युवक पर 'फेविक्विक अटैक'

# दो बदमाशों ने केमिकल से भरी बोतल चेहरे पर फेंकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मोमोज का ठेला लगाने वाले युवक पर फेविक्विक अटैक हुआ है। बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने फेवीक्विक से भरी बोतल उसके चेहरे पर फेंक दी, जिस वजह से युवक की आंखें और मुंह चिपक गया और झुलस गया। घायल युवक को इलाज के लिए बर्न वार्ड में भर्ती कराया है। पुलिस ने अज्ञात दोनों बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



दरअसल भिंड जिले के गोहद का रहने वाला 21 साल का युवक सोहेल शाह दो माह पहले ही ग्वालियर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र मोतीझील पर परिवार सहित रहने आया है और बाहर मोतीझील चौराहे पर अपनी पत्नी शबनम के साथ मिलकर मोमोज का ठेला लगाता है। गुरुवार शाम जब वहां अपनी पत्नी के साथ ठेला लगाकर मोमोज बेच रहा था तभी मुंह पर पीली सफी बांधकर बाइक सवार दो बदमाश युवक उसके ठेले के पास आए और उन बदमाशों ने हाथ में ली कोई फेविक्विक से भरी बोतल उसके चेहरे पर फेंक दी और दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। युवक के चेहरे पर फेविक्विक चिपकने से उसकी आंखें और मुंह चिपक गया और उसके फेविक्विक चिपकने के बाद रिएक्शन में उसका चेहरा झुलस गया। अचानक हुई इस घटना को देख उसकी पत्नी जोर-शोर से चिल्लाने लगी तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद युवक को जयारोग्य अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देख तत्काल बर्न वार्ड में भर्ती कराया है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर उसकी पत्नी से पूछताछ की, लेकिन बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम क्यों दिया इस बात की वजह अभी तक सामने नही आई है। पुलिस ने घायल युवक की पत्नी की शिकायत के आधार पर अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# सहेली को बचाने पहुंची लड़की भी पानी में समाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम तलाईखेड़ा में तालाब में नहाते समय एक बालिका पानी में डूब गई। दूसरी बालिका उसे बचाने गई तो वह भी संतुलन बिगड़ने से पानी में गिरी डूब गई। दोनों को मौके पर ही मौत हो गई।इस दुखद घटना से बालिकाओं के घरों पर मातम छा गया। पुलिस के अनुसार 12 वर्षीय रीता पुत्री चौका मईड़ा व उसकी सहेली 13 वर्षीय जाली पुत्री कालूसिंह मईड़ा दोनों निवासी ग्राम तलाईखेड़ा गांव के पास ही स्थित तालाब के समीप पशुओं को चराने गई थी। उनके साथ आठ वर्ष का बालक भी था। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे तीनों तालाब में उतरकर नहा रहे थे। तभी संतुलन बिगड़ने से जाली पानी में गिरी व डूबने लगी। उसे डूबता देख रीता उसके पास गई तथा उसे बचाने प्रयास किया लेकिन रीता भी संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरी और डूब गई। दोनों को डूबता देख बालक तालाब से बाहर निकला और गांव में जाकर सूचना दी। बालिकाओं के स्वजन व अन्य ग्रामीण तालाब पर पहुंचे तथा तालाब में उतरकर बालिकाओं को तलाशने लगे।

# देह व्यापार करते हुए चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** शहर के पॉश एरिया आनंद नगर स्थित एक मकान में देह व्यापार करते हुए चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार उक्त स्थान पर करीब तीन से चार माह से देह व्यापार किया जा रहा था। ग्राहकों से महिलाएं मोबाइल फोन के जरिए संपर्क करती थी। चार में से दो महिलाएं खंडवा, एक छिंदवाड़ा और एक भोपाल की बताई जा रही है।

सीएसपी अभिनव बारंगे के अनुसार पिछले तीन से चार महीनों से यह रैकेट चलाया जा रहा था। चार महिलाओं को देह व्यापार में शामिल पाया गया है। पुलिस ने एक मुखबिर को ग्राहक बनाकर मकान में भेजा था। उनमें जैसे ही बातचीत हुई, तो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार महिलाओं को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार की गई महिलाओं में दो खंडवा, एक छिंदवाड़ा और एक भोपाल की निवासी हैं।



सीएसपी ने बताया कि ये महिलाएं कुछ समय पहले तक खंडवा में भी रह चुकी थीं। महिलाओं का मुख्य काम था ग्राहकों से मोबाइल फोन के जरिए संपर्क करना और फिर उन्हें आनंद नगर स्थित मकान में बुलाना। पुलिस ने इस सेक्स रैकेट के चलने के तरीके की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार महिलाएं ग्राहकों से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क करती थीं, लेकिन पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वे किस प्रकार और कितने समय से इस रैकेट को चला रही थीं। मोघट थाना पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों को भी तलाश रही है।

◆ बजरंग दल कार्यकर्ता पर हमला

# गुस्साए हिंदूवादी नेताओं ने एबी रोड किया जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर,(निप्र)।** शाजापुर में गुरवार रात तनाव की स्थिति बन गई। बजरंग दल के विभाग मंत्री राजेश जादम पर मुस्लिम परिवार ने हमला कर दिया। इस घटना से गुस्साए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने भोईवाड़ा क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन कर बाजार बंद कराया। उसके बाद एबी रोड पर रास्ता जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक शाजापुर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

गुरवार को भोईवाड़ा में बजरंग दल के पदाधिकारी राजेश जादम पर हमला हुआ, जिससे हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। इस हमले के बाद कार्यकर्ता तुरंत मौके पर पहुंचे और नई सड़क पर रास्ता जाम कर दिया। कुछ देर बाद बाजार भी बंद करवा दिए गए। इसके बाद गुस्साए लोग एबी रोड पहुंचे और वहां भी जाम लगाया। इस दौरान शहर में दहशत का माहौल बन गया, जिससे दुकानदारों और हाथ ठेले वालों ने जल्दी-जल्दी अपनी दुकानें बंद कर दीं। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक अरुण भीमावद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना में शामिल छह लोगों को हिरासत में लिया है।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी अनूप किरकिरे ने बताया कि भोईवाड़ा में एक हिंदू परिवार रहता है। उसे मुस्लिम समुदाय प्रताड़ित कर रहा है। घर की युवतियों को दुष्कर्म करने की धमकी दी जाती है। बीते दिन उनके यहां पथराव किया गया था। मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस को की थी।

एफआइआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। इसे लेकर गुरवार दोपहर में पीड़ित परिवार की बहनों के साथ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर एसपी यशपालसिंह राजपूत को आवेदन दिया था। युवती ने परिवार को जान का खतरा बताया था।

## संपादकीय

### दिल्ली में हवा हुई जहरीली, हर साल दोहराई जाती है आपात स्थिति

देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली की हवा हर अगले वर्ष जिस हालत में जा रही है, उससे साफ है कि यहां इस समस्या पर काबू पाने के सरकारी दावे सिर्फ हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रदूषण एक बार फिर इस स्थिति में पहुंच चुकी है कि यह न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय चिंता का भी विषय बन गया है। गुरुवार को समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा और जहरीली हो गई और लोगों के लिए सांस लेना तक मुश्किल हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक साढ़े चार सौ के पास यानी 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अजरबैजान के बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन में भी दिल्ली के प्रदूषण के मसले पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की। यह स्थिति तब है, जब इस मौसम में यानी ठंड की आहट के साथ ही दिल्ली के ज्यादातर लोगों को हर वर्ष धुंध, धुएं की चादर और हवा में विषाक्त तत्वों के घुलने की वजह से बहुस्तरीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली में लगातार यही तस्वीर बनी हुई है कि दिवाली और ठंड की आहट के साथ ही प्रदूषण इस कदर बढ़ने लगता है कि कई स्तरों पर आम जनजीवन तक बाधित होने लगता है। एक ओर वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से हवा ऊपर नहीं उठ पाती, दूसरी ओर ज्यादातर लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों में से वैसे काम कम से कम कुछ दिन रोक देना जरूरी नहीं लगता, जिसकी वजह से हवा में प्रदूषण तत्व घुल जाते हैं। हालांकि इसका खमियाजा उन्हें ही उठाना पड़ता है। अब एक बार फिर हालत हो चली है कि दिल्ली में सरकार को 'ग्रैप 3' स्तर की पाबंदियां लगानी पड़ी है। इसके तहत कई स्तर पर निर्माण कार्यों पर रोक के साथ-साथ वैसे वाहनों को यहां चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिनसे प्रदूषण की समस्या गहराने की आशंका हो। पांचवी कक्षा तक के बच्चों के लिए फिलहाल स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं, हालांकि उनकी आनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। सवाल है कि जब हर वर्ष इन महीनों के दौरान दिल्ली में यह स्थिति पैदा हो जाती है तब सरकार को समय रहते पहले से ऐसे इंतजाम करना जरूरी क्यों नहीं लगता, जिससे अचानक ही आपात स्थिति की तरह प्रदूषण की रोकथाम के उपाय करने या विशेष नियम लागू करने की जरूरत पड़ जाती है। आखिर कृत्रिम वर्षा तक की जरूरत बताने की नौबत क्यों आती है? यह समस्या बढ़ कर अब संकट की शक्ल ले चुकी है, मगर सरकार को अब भी दिल्ली की हवा में जहर घुलने के कारकों की ठीक-ठीक पहचान करना और उस पर काबू पाने के लिए पूर्व-इंतजाम करना जरूरी नहीं लगता है। बहुत सारे लोगों के बीच सुविधाओं के इस्तेमाल को लेकर जितनी सक्रियता दिखती है, उतनी ही संवेदनशीलता स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए प्रदूषण पर काबू रखने में अपनी सहभागिता को लेकर नहीं दिखाई देती। पराली जलाने और निर्माण कार्य जैसी गतिविधियों को कुछ समय के लिए अपनी ओर से टाला जा सकता है। निजी वाहनों और कार्बन पैदा करने वाली अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल सीमित किया जा सकता है। हालांकि अगर अगले कुछ दिनों में हवा चली तो प्रदूषण में कमी आ सकती है, लेकिन समय रहते इस संकट से निपटने को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वक्त में कई तरह की जटिल स्वास्थ्य समस्याएं खड़ी हो सकती हैं।

# खटमल और जूं



यह कहानी कई वर्ष पुरानी है। उस समय दक्षिण भारत में एक राजा राज किया करता था। राजा के बिस्तर में मंदरीसर्पिणी नाम की एक जूं रहा करती थी, लेकिन इस बारे में राजा को कोई जानकारी नहीं थी। हर रात जब राजा गहरी नींद में सो जाता,तो जूं अपने घर से बाहर निकलती, बड़े चाव से पेट भरकर राजा का खून चूसती और दोबारा जाकर छिप जाती।

एक दिन न जाने कहां से उस राजा के बिस्तर में अग्निमुख नामक एक खटमल भी घुस आया। जब जूं ने उसे देखा, तो उसे बहुत गुस्सा आया कि उसके इलाके में एक खटमल घुस आया है। जूं उसके पास गई और उससे तुरंत वापस चले जाने को कहा। इस पर खटमल बोला, "अरे जूं बहना, इस तरह का व्यवहार तो कोई अपने दुश्मन के साथ भी नहीं करता। मैं बहुत दूर से आया हूं और सिर्फ एक रात तुम्हारे घर रुक कर आराम करना चाहता हूं। कृपया मुझे यहां रुकने दो।"

खटमल की बातें सुनकर जूं का दिल पिघल गया। उसने कहा, "ठीक है, तुम यहां रुक सकते हो, लेकिन तुम्हारे कारण राजा को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। तुम राजा के आसपास भी नहीं जाओगे।"

"जूं बहन, मैं बहुत दूर से आया हूं और बहुत भूखा हूं। वैसे भी, हर रोज कहां राजा का मीठा खून पीने का मौका मिलता है। कृपया मुझे आज रात राजा के खून का स्वाद चखने का मौका दे दो," खटमल ने विनती करते हुए कहा। जूं, खटमल की बातों में आ गई और उसने उसे राजा का खून चूसने की इजाजत दे दी। "ठीक है, तुम राजा के खून का भोजन कर सकते हो, लेकिन उससे पहले तुम्हें राजा के गहरी नींद में सो जाने का इंतजार करना होगा। जब तक राजा पूरी तरह सो नहीं जाता, तब तक तुम उसे नहीं काट सकते," जूं ने कहा। इस पर खटमल ने हां कर दिया और दोनों रात होने का इंतजार करने लगे।

रात होते ही राजा अपने कमरे में आया और सोने की तैयारी करने लगा। राजा का शरीर बहुत तंदुरुस्त था और उसकी तोंद बहुत मोटी थी। यह देख कर खटमल के मुंह में पानी आ गया। जैसे ही राजा बिस्तर पर आकर लेटा, खटमल ने न आव देखा न ताव और सीधे जाकर राजा की मोटी तोंद पर जोर से काट लिया और फिर दौड़ कर पलंग के नीचे छिप गया। राजा दर्द के मारे चीख उठा और तुरंत अपने सिपाहियों को कमरे में बुला लिया।

राजा ने सिपाहियों को आदेश दिया, "सिपाहियों, इस बिस्तर में जरूर कोई खटमल या जूं है। उसे तुरंत ढूंढो और मार डालो।" राजा के सिपाहियों ने बिस्तर पर ढूंढना शुरू किया, तो उन्हें बिस्तर में छिपी जूं मिल गई। उन्होंने तुरंत उस जूं को मार डाला और खटमल बच निकला।

इस प्रकार खटमल की गलती के कारण बेचारी जूं मारी गई।

**कहानी से सीख**

दोस्तों, इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें आंखें बंद करके किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

# सांप की सवारी करने वाला मेंढक



सालों पहले वरुण पर्वत के पास एक राज्य बसा हुआ था। उस राज्य में एक बड़ा सा सांप मंदविष भी रहता था। बूढ़ा होने की वजह से वह आसानी से अपना शिकार ढूंढ नहीं पाता था। एक दिन उसने तरकीब सोची। वो तुरंत मेंढकों से भरे हुए एक तालाब के पास पहुंच गया।

वहां वह दुखी सा होकर एक पत्थर के ऊपर बैठ गया। तभी पास के पत्थर पर बैठे एक मेंढक ने उसे देखा। उस मेंढक ने थोड़ी देर बाद सांप से पूछा, "चाचा, क्या बात है, आज आप खाने की तलाश नहीं कर रहे हैं। अपने लिए भोजन नहीं जुटाएंगे।" इतना सुनते ही सांप ने रोनी सी सूरत बनाकर मेंढक को कहानी सुनाई।

सांप ने कहा, "मैं आज भोजन की तलाश में किसी मेंढक के पीछे-पीछे जा रहा था। अचानक से मेंढक ब्राह्मणों के झुंड में जाकर छुप गया। मेंढक को भोजन बनाने के चक्कर मैंने गलती से एक ब्राह्मण की बेटी को काट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इससे नाराज होकर ब्राह्मण ने मुझे श्राप दे दिया। उन्होंने मुझे श्राप देते हुए कहा कि तुझे अपना पेट भरने के लिए मेंढकों की सवारी बनना पड़ेगा। इसी वजह से मैं इस तालाब के पास आया हूं।

यह बात सुनते ही वह मेंढक तुरंत तालाब के अंदर गया और अपने राजा को सारी बातें बताईं। राजा कहानी सुनकर हैरान हुआ, पहले तो उसे बिलकुल भी यकीन नहीं हुआ, लेकिन कुछ देर सोच विचार करने के बाद मेंढकों का राजा जलपाक, तालाब से बाहर निकलकर एकदम कूदते हुए सांप के फन पर जाकर बैठ गया। राजा को ऐसा करते हुए देखकर अन्य मेंढकों ने भी ऐसा ही किया।

सांप समझ गया था कि मेंढक अभी मेरी परीक्षा ले रहे हैं। सांप भी बिना विचलित हुए आराम से सबको अपने फन पर कूदने दे रहा था और उन्हें घुमा रहा था। इसके बाद मेंढकों के राजा ने कहा, "जितना मजा मुझे सांप की सवारी करके आया, उतना मुझे आज तक किसी की सवारी करके नहीं आया।" मेंढकों का भरोसा जीतने के बाद अब धीरे-धीरे सांप रोज मेंढकों की सवारी बनने लगा। कुछ दिन बाद चतुर सांप ने अपने चलने की गति थोड़ी धीमी कर दी।

यह देखकर मेंढकों के राजा जलपाक ने पूछा, "हे! सर्प तुम्हारी चाल इतनी धीमी क्यों है?" इसके जवाब में सांप ने कहा, "एक तो मैं बूढ़ा हूं और ब्राह्मण के श्राप की वजह से बहुत दिनों से भूखा भी हूं। इसी वजह से मेरी गति कम हो गई है।" इतना सुनते ही राजा ने कहा तुम छोटे-छोटे मेंढक को खा लो। यह सुनकर मन ही मन सांप बहुत प्रसन्न हुआ। उसने कहा, "राजन मुझे ब्राह्मण का श्राप है। मैं मेंढक खा नहीं सकता हूं, लेकिन अगर आप कहते हैं तो मैं खा लेता हूं।" ऐसा करते-करते वह रोज छोटे-छोटे मेंढक खाने लगा और वह तंदुरुस्त हो गया।

अब सांप को रोज बिना किसी मेहनत के खाना मिल रहा था। सांप काफी प्रसन्न था। मेंढक सांप की चाल अब तक नहीं समझ पाए थे। मेंढक के राजा को भी सांप की इस साजिश की भनक नहीं लगी। होते-होते एक दिन सांप ने मेंढक के राजा जलपाक को भी खा लिया और तालाब में रहने वाले सारे मेंढकों के वंश का नाश कर दिया।

**कहानी से सीख**

किसी भी शत्रु की बात का जल्दी से भरोसा नहीं करना चाहिए। इससे खुद की और अपने लोगों की हानि होना निश्चित है।

## Uttarpradesh

# झांसी मेडिकल कॉलेज की भीषण आग: दस बच्चों की मौत, PM राहत कोष से भी मुआवजे का एलान; पीएम बोले- हृदयविदारक घटना

**झांसी, (एजेंसी)** महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में भीषण आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की झुलसने एवं दम घुटने से मौत हो गई। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि जिस वार्ड में आग लगी थी, वहां 55 नवजात भर्ती थे। 45 नवजात को सुरक्षित निकाल लिया गया। उनका इलाज चल रहा है। यूपी सरकार, केंद्र सरकार और पीएम राहत कोष तीनों ने मुआवजे का एलान कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना को लेकर शोक जताया है। एक्स पर पीएमओ ने लिखा कि हृदयविदारक! उत्तर प्रदेश में झांसी के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से



हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। हृदयविदारक! उत्तर प्रदेश में झांसी के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी गहरी शोक-संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे। राज्य सरकार की महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में भीषण आग लगने से 10 नवजात शिशुओं की झुलसने एवं दम घुटने से मौत हो गई। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि जिस वार्ड में आग लगी थी, वहां 55 नवजात भर्ती थे।

## Uttarpradesh

# ओवरटेक करते हुए क्रेटा ने ऑटो को मारी टक्कर, दूल्हा-दुल्हन समेत 7 लोगों की मौत



**बिजनौर, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के बिजनौर से भीषण सड़क हादसे की खबर आ रही है. जानकारी के मुताबिक एक कार और टेंपो की टक्कर में 7 लोगों की मौत हो गई है. यह हादसा ओवरटेकिंग के दौरान हुआ जिसमें कार ने टेंपो को जोरदार टक्कर मारी. मरने वालों में छह लोग एक ही परिवार के थे.**

जानकारी के मुताबिक, बिजनौर सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है जिसमें एक क्रेटा कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मारी थी. ऑटो में 7 लोग सवार थे और हादसे में सभी की मौत हो गई. क्रेटा कार ने दूसरे वाहन को ओवरटेक करते वक्त टेंपो में जोरदार टक्कर मारी थी. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. टेंपो में सवार लोग मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से टेंपो में बैठकर धामपुर आ रहे थे. सूत्रों के अनुसार मृतकों में छह लोग एक ही परिवार के थे. पूरा परिवार झारखंड में शादी के बाद वापस अपने घर लौट रहा था. मृतकों में 4 पुरुष, 2 महिला और 1 लड़की शामिल है. जानकारी के मुताबिक, सड़क हादसे में सभी मृतक झारखंड से शादी से वापस अपने घर लौट रहे थे. मृतकों में खुर्शीद, उसका बेटा विशाल, पुत्रवधू खुशी के अलावा मुमताज, पत्नी रूबी और पुत्री बुशरा शामिल थे. यह परिवार झारखंड से दुल्हन लेकर लौट रहा था. हादसे में नवविवाहित जोड़ा सहित कुल 7 की मौत हुई है.

## New Delhi

# लड़की के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे दो आरोपी, युवक ने विरोध किया तो चाकू से कर दी हत्या... वारदात से फैली दहशत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई. यह घटना शुक्रवार रात लगभग 9:30 बजे की है. यहां दो युवक लड़की से छेड़छाड़ कर रहे थे. उसी दौरान एक युवक ने इसका विरोध किया. विरोध करने पर युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिसमें उसकी जान चली गई. दिल्ली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक, किशन कुमार नाम के शख्स ने कॉल करके सूचना दी थी कि सलमान और अरबाज नाम के दो भाई एक लड़की से छेड़छाड़ कर रहे थे. जब किशन नाम के युवक ने जब इसका विरोध किया और दोनों को रोका तो आरोपी धमकी देने लगे. इसके बाद करीब 30 मिनट बाद पता चला कि सलमान और अरबाज किशन के भतीजे मनीष से विवाद कर रहे हैं. किशन कुमार केबल ऑपरेटर है. जब किशन मौके पर पहुंचा तो देखा कि अरबाज मनीष को पकड़कर खड़ा था और सलमान ने चाकू से मनीष की गर्दन पर वार कर दिया. इससे मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया.

## Manipur

# उग्रवादियों ने परिवार के 6 सदस्यों का किया अपहरण, नदी किनारे मिले तीन के शव

**मणिपुर, (एजेंसी)** मणिपुर के जिरिबाम में हिंसा का दौर जारी है। शुक्रवार को भी तीन शव पाए गए हैं। मणिपुर-असम सीमा के पास दो शिशुओं और एक महिला का शव पाया गया। जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले ही परिवार के छह सदस्यों को अगवा कर लिया गया था।अधिकारियों के मुताबिक असम की सीमा पर नदी के किनारे शव पाए गए हैं। यहां से 15 किलोमीटर दूर अपहरण की घटना हुई थी। हालांकि शवों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि अभी कन्फर्म नहीं हो पाया है कि ये शव उन्हीं के हैं जिनका अपहरण हुआ था या फिर किसी और के हैं। अब शवों का डीएमए टेस्ट करवाया जाएगा। बता दें कि मंगलवार को सुरक्षाबलों ने जिरिबाम में ही एक मुठभेड़ में 10 उग्रवादियों को ढेर कर दिया था। उग्रवादियों ने एक



सीआरपीएफ पोस्ट पर हमला किया था। उसी गांव में मैतेई परिवार से कम छह लोगों का अपहरण कर लिया गया था जिनमें तीन बच्चे और महिला भी शामिल थीं। अधिकारियों का कहना है कि उग्रवादियों ने ही परिवार का अपहरण कर लिया था। जिरबाम के रहने वाला लैशराम हेरोजित ने बताया, मेरी पत्नी, दो बच्चे, सास, साली और उसके बच्चों को घर से ही अगवा कर लिया गया।

## खेल

# SKY के जवानों के आगे अफ्रीकी शेरों ने घुटने टेके, आखिरी मैच 135 रनों से गंवाया; भारत ने 3-1 से सीरीज जीती

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 135 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने चार टी-20 मैचों की सीरीज 3-1 से जीत ली है। 284 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को अर्शदीप सिंह के कहर का समना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2.5 ओवर में मात्र 10 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने रीजा हेंड्रिक्स (शून्य) को बोल्ड कर अपना पहला शिकार बनाया। अगले ओवर में हार्दिक पांड्या ने रायन रिकलटन (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने कप्तान एडन मारक्रम (आठ) और हेनरिक क्लासेन (शून्य) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ऐसे संकट के समय ट्रिस्टन



स्टब्स और डेविड मिलर ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई।

12वें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने डेविड मिलर को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिलर ने 27 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (36) रन बनाये। अगले ओवर में रवि बिश्नोई ने ट्रिस्टन स्टब्स को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। स्टब्स ने 29 गेंदों में दो छक्के और तीन चौके लगाते हुए (43) रन बनाये। ऐंडिले सिमेलाने (दो) और गेराल्ड कोएत्जी (12) रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने केशव महाराज (6) को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। 19वें ओवर में रमनदीप सिंह ने लुथो सिपामला (तीन) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया। दक्षिण अफ्रीका 18.2 ओवर में 148 रन ही बना सकी और 135 रनों से मुकाबला हार गई।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए। वरूण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। हार्दिक पंड्या, रवि बिश्नोई और रमनदीप सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

भारत ने संजू सैमसन और तिलक वर्मा की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारियों की बदौलत शुक्रवार को चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में 210 रन की नाबाद साझेदारी निभाई जो भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही।

## सिनेमा

# एक्ट्रेस दिशा पाटनी के पिता से फ्रॉड, आयोग का अध्यक्ष बनाने के नाम पर ठग लिए 25 लाख





बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के पिता और रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर जगदीश पाटनी बड़ी ठगी का शिकार हो गए हैं. दिशा के पिता को सरकारी आयोग में उच्च पद दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये की ठगी कर ली गई है. ठगी को लेकर दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी ने शुक्रवार शाम को बरेली कोतवाली थाने में FIR दर्ज कराई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. इस पूरे मामले पर कोतवाली थाना प्रभारी डी.के शर्मा ने बताया- शिवेंद्र प्रताप सिंह, दिवाकर गर्ग, जूना अखाड़े के आचार्य जयप्रकाश, प्रीति गर्ग और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया है. आरोपियों की गिरफ्तारी की पूरी कोशिश कर रही है और मामले की सख्त कार्रवाई कर रही है. दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी बरेली के सिविल लाइंस में परिवार सहित रहते हैं. शिकायत के अनुसार, उनका कहना है कि वो आरोपी शिवेंद्र प्रताप सिंह को पर्सनली जानते थे. शिवेंद्र ने ही उन्हें दिवाकर गर्ग और आचार्य जयप्रकाश से मिलवाया था. शिकायत में आगे कहा गया है कि आरोपी ने दावा किया था कि उसके राजनीतिक संबंध काफी मजबूत हैं. उसने जगदीश पाटनी को सरकारी आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या इसी तरह के प्रतिष्ठित पद दिलाने का आश्वासन दिया था.

## Highlights

1. Uddhav Thackeray has forgotten his father's merits: Fadnavis
2. DNA tests could be conducted to identify newborn babies killed in UP hospital fire
3. Fire alarms didn't work at UP hospital where fire killed 10 newborn babies: Report
4. Tamil Nadu CM seeks diplomatic efforts to stop arrest of fishermen
5. Complaint against Maulana Nomani over 'vote jihad' request in Maha
6. CM must focus on facilities: Akhilesh on Jhansi hospital fire

# Elon Musk's X sees return of ad spending by Disney, IBM, Comcast after Donald Trump win: Report



**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk's social media platform X (Formerly Twitter) has seen a resurgence of ad spending by brands such as Comcast, IBM, Disney, Warner Bros. Discovery, and Lionsgate Entertainment, according to an Adweek report which cited data from marketing intelligence platform MediaRadar.

This phenomenon was attributed this to the win of Republican candidate Donald Trump in the US elections this year. Musk has been one of the strongest supporters of Trump, donating as much as around $119 million to his campaign, as well as publicly endorsing him on X.

X's top advertisers include brands like Karma Shopping, Canles Shoes, and Kueez Entertainment, all of which spent over $12 million this year, totaling $68 million, according to the report.

This comes after the brands, which includes Apple, paused their ad campaigns around November 2023 after their ads appeared next to antisemitic content and hate speech, according to the report.

However, the ad spending though resumed, is at much lower rates than before.

Comcast, spent less than $1.5 million on X this year, followed by Warner Bros. Discovery spent $1.1 million, Disney spent under $550,000, Lionsgate spent less than $230,000, and IBM allocated under $2,000, the report read. More notably, Apple has now also continued its X ad spending.

# 'You, your kids should learn Kannada': Zoho CEO Sridhar Vembu's advice for people who made Bengaluru their 'home'

**NEW DEIHI, (Agency).** Zoho CEO Sridhar Vembu recently reacted to a post on X by sharing that people who have made Bengaluru their "home" should know how to speak Kannada. In his opinion, not doing so is "disrespectful."

What started it all?

The CEO replied to a comment concerning a post where two men wore T-shirts with "Hindi National Language" written on them. The post further had a caption, "Perfect T-shirt for Bangalore trip."

What did Sridhar Vembu say?



Vembu wrote, "If you make Bengaluru your home, you should learn Kannada and your kids should learn Kannada."

"Not doing so after living many years in Bengaluru is disrespectful. I often request our employees in Chennai coming from other states to make an effort to learn Tamil after they come here," he added.

Take a look at the share here:

How did social media react?

"I have many Kannada friends in Mumbai, living here for decades. No one can speak Marathi. Not one word. Fair?" argued an X user. Another individual posted, "You sound immature here. Being disrespectful for any language, culture is unacceptable but not learning a language is being disrespectful? Logic dies there."

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक